**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 07-07-2023**

**उधम सिंह नगर(उत्तराखंड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-07-07 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2023-07-08 | 2023-07-09 | 2023-07-10 | 2023-07-11 | 2023-07-12 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 90.0 | 30.0 | 50.0 | 55.0 | 80.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 28.0 | 30.0 | 30.0 | 29.0 | 28.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 26.0 | 26.0 | 26.0 | 26.0 | 24.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 95 | 95 | 95 | 95 | 95 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 65 | 75 | 75 | 75 | 80 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 12 | 12 | 10 | 14 | 16 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 110 | 70 | 70 | 110 | 110 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 7 | 8 | 8 | 8 | 8 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

पिछले सात दिनों (30 जून - 6 जुलाई) में 154.8 मिमी बारिश दर्ज की गई तथा अधिकतम और न्यूनतम तापमान 30.0 से 35.0 डिग्री सेल्सियस और 24.4 से 27.3 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा । आसमान में अधिकांश दिन बादल छाए रहे। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 0712 बजे 83 से 93% और शाम की सापेक्षिक 1412 बजे 67 से 92% के बीच रही। हवा की गति 2.7 से 8.5 किमी प्रति घंटे थी और हवा की दिशा अधिकतर उत्तर-पूर्व और पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर थी. आगामी पांच दिनों का पूर्वानुमान 08.07.2023 से 12.07.2023 तक मध्यम से भारी बारिश का संकेत दे रहा है जो 30-90 मिमी के बीच रहेगी । अधिकतम और न्यूनतम तापमान के 28 -30 डिग्री सेल्सियस और 24 -26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा . इस दौरान हवा की गति 10-16 किमी प्रति घंटे के बीच रहेगी और दिशा मुख्यतः उत्तर पूर्व और पूर्व-दक्षिण-पूर्व होगी। चेतावनी: 08.07.2023 से 12.07.2023 तक के लिए बिजली चमकने के साथ बारिश/तूफान और तीव्र/अत्यंत तीव्र बारिश की चेतावनी दी गई है।

## सामान्य सलाहकार:

बरसात का मौसम है तो किसानों को सलाह दी जाती है कि वे पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम का पूर्वानुमान जानने के लिए "मेघदूत ऐप" डाउनलोड करें और कृषि मौसम संबंधी सलाह और बिजली की जानकारी प्राप्त करने के लिए "दामिनी ऐप"। मेघदूत और दामिनी ऐप्स को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ता) और ऐप सेंटर (iOS उपयोगकर्ता) से डाउनलोड किया जा सकता है। यह करने से उपयुक्त कृषि गतिविधियों के लिए सही निर्णय लेने में उनकी मदद होगी। पहली बारिश में जानवरों को भीगने न दें क्यूंकि यह त्वचा समबन्धी बिमारियों को न्योता देती ह

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| 8 से 12 जुलाई, 2023 तक गरज और बिजली के साथ मध्यम से भारी वर्षा की भविष्यवाणी की गई है, इसलिए किसानों को सतर्क रहने की जरूरत है। |

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| चावल | मध्यम किस्मो का प्रत्यारोपण जुलाई के प्रथम सप्ताह में और शीघ्र पकने वाली किस्मों का जुलाई के तीसरे सप्ताह तक पूरा हो जाना चाहिए। रोपाई के दौरान लाइन से लाइन की दूरी 20 सेमी और पौधे से पौधे की दूरी 10 सेमी या दोनों तरफ की दूरी 15 सेमी रखनी चाहिए। एक पहाड़ी पर 2-3 पौधे रोपने चाहिए। पौधों को 2-3 सेमी गहराई पर लगाना चाहिए। |
| मक्का | मक्का की बुआई जुलाई के प्रथम पखवाड़े तक सुनिश्चित कर देना चाहिए और इन्हे मेड़ों पर बोना चाहिए। बुआई से पहले बीजोपचार करना चाहिए. ध्यान रहे मौसम पूर्वानुमान को सज्ञान में रखकर ही बुवाई करना सुनिश्चित करें । |
| सोयाबीन | स्टेज : बुआई सोयाबीन की बुवाई का भावर एवं तराई में उपयुक्त समय जून के अंतिम सप्ताह से जुलाई प्रथम सप्ताह तक है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार मध्यम से भारी वर्षा बताये जाने के अनुसार किसान भाइयो आपको सलाह दी जाती है कि सोयाबीन की बुवाई का कार्य अभी कुछ समय के लिए स्थगित करें । |
| मूँगफली | किसान भाइयो आपको सलाह दी जाती है कि मूंगफली की बुवाई का कार्य अभी कुछ समय के लिए स्थगित करें । |
| गन्ना | मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, मध्यम से भारी वर्षा को ध्यान में रखते हुए सलाह दी जाती है कि गन्ना में जल निकासी का उचित प्रबंध होना चाहिए खेत में रख-रखाव करें और जड़ की सतह पर थोड़ी मात्रा में मिट्टी लगाएं । |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| भिण्डी | वर्षाकाल में 10-12 किग्रा भिण्डी के बीज की आवश्यकता होती है। बोने से पहले बीज का उपचार कवकनाशी दवा से करें बीज बुवाई की दूरी कतार से कतार 60 सेमी तथा पौधे से पौधे की दूरी 30 सेमी रखें तथा शेष पौधों को उखाड़ दें। ध्यान रहे मौसम पूर्वानुमान को सज्ञान में रखकर ही बुवाई करना सुनिश्चित करें । |
| कद्दू | स्टेज: तुड़ाई कद्दु वर्गीय फसलों की तुड़ाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर शीघ्र अतिशीघ्र समाप्त कर लें जिससे समय रहते फसल को बाजार ले जाया जा सके । |
| हल्दी | मौसम पूर्वानुमान के अनुसार मध्यम से भारी वर्षा बताये जाने के कारण, किसान भाइयो आपको सलाह दी जाती है कि हल्दी के खेत में उचित जल निकासी की व्यवस्था बनाकर रखें । |
| मिर्च | स्टेज: तुड़ाई मिर्च फसल की तुड़ाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर शीघ्र अतिशीघ्र समाप्त कर लें जिससे समय रहते फसल को बाजार ले जाया जा सके । |
| टमाटर | चरण: तुड़ाई किसानों को पकी हुई टमाटर की फसल की तुड़ाई करनी चाहिए। वर्षा के बाद रोग लगने की संभावना अधिक रहती है मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर तुड़ाई का कार्य शीघ्र अतिशीघ्र समाप्त कर लें जिससे समय रहते फसल को बाजार ले जाया जा सके । |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गाय | पशुओ को संक्रामक रोग से बचाने हेतु टीकाकरण करवायें। मानसून के प्रारम्भ में अचानक तेज घूप व तेज वर्षा से पशुओं को बचायें क्योंकिक्यों इसकी वजह से त्वचा में जलन जैसा विकार उत्पन्न हो जाता है। इस ऋतुओं में कृमियों का प्रकोप बढ़ जाता है और इससे बचने के लिए कृमिनाशक का उपयोग निकटतम पशु चिकित्सक की सहायता से करें। मौसम पूर्वानुमान को देखते हुए, पशुशाला में वर्षा के जल को एकत्र न होने दे तथा जल निकासी की व्यवस्था रखें। |

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
| --- | --- |
| भेंस | पशुओ को संक्रामक रोग से बचाने हेतु टीकाकरण करवायें। मानसून के प्रारम्भ में अचानक तेज घूप व तेज वर्षा से पशुओं को बचायें क्योंकिक्यों इसकी वजह से त्वचा में जलन जैसा विकार उत्पन्न हो जाता है। इस ऋतुओं में कृमियों का प्रकोप बढ़ जाता है और इससे बचने के लिए कृमिनाशक का उपयोग निकटतम पशु चिकित्सक की सहायता से करें। मौसम पूर्वानुमान को देखते हुए, पशुशाला में वर्षा के जल को एकत्र न होने दे तथा जल निकासी की व्यवस्था रखें। |